# Early break for WB schools due to heat

**Kolkata, April 18:** The West Bengal government has declared an early summer break for state-run and aided schools from April 22 in view of the prevailing heat wave conditions.

A notification by the school education department said apart from students, the teaching and non-teaching staff of the schools will be on leave during the period, unless directed otherwise by the election authorities in light of the Lok Sabha elections.

"Considering the prevailing heatwave situation, the competent authority has decided to prepone the summer vacation in the schools under your administrative jurisdiction with effect from April 22 except for schools in hill areas of Darjeeling and Kalimpong districts, wherein the existing academic schedule may continue until further order," the notice issued by school education secretary to the presidents of primary education and secondary boards said.

Earlier, in view of the elections and keeping in mind that many schools in the northern parts of Bengal have already been turned into camps for security forces as also booths, the summer vacation had been scheduled from May 6.

Education minister Bratya Basu said private schools are also being requested to bring forward the summer holidays in the interest of students.

A school education official said the total number of holidays apart from weekend off days and public holidays should not be beyond 65 for a school, calculating both summer and puja vacations and the Christmas-New Year week. — *PTI*

MILLENNIUM POST, 19 APRIL 2024

# JNU was never 'anti-national', nor part of 'tukde-tukde' gang: V-C

**NEW DELHI:** The Vice-Chancellor of Jawaharlal Nehru University (JNU), Santishree Dhulipudi Pandit, emphasised that the university has never been associated with terms like "anti-national" or part of the "tukde-tukde" gang. She asserted JNU's commitment to nurturing dissent, debate, and democracy.

In an interaction with PTI editors, Pandit, the first woman to hold the position of Vice-Chancellor at the university, clarified that JNU is "not saffronised" and there is no pressure from the central government in its day-to-day functioning.

Pandit, also a JNU alumnus, however, admitted that the campus was polarised when she took over and termed the phase as "unfortunate". She claimed that there were mistakes on both sides (students and administration) and the leadership erred in handling the situation.

She also said that neither does she regret her affiliation with the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) nor does she hide it.

Pandit, who spoke at length about her life from the time she was born in St. Petersburg in Russia to growing up in a middle-class South Indian family in Chennai, said she feels proud to



be called "the Sanghi VC who brought the highest QS rankings for JNU".

"As a university we should be above all this (saffronisation). JNU is for the nation, not for any particular identity. JNU stands for inclusivity and development and I always say that it stands for seven D's - development, democracy, dissent, diversity, debate and discussion, difference and deliberation," she said.

Pandit took over as the vice chancellor in 2022 when the campus was in the throes of students' agitation and had still not recovered from the 2016 controversy over alleged anti-national slogans being raised on campus during an event. The students who were alleged to be involved in the slogan raising were branded as members of the "tukde tukde" gang.

"That was a phase when there were mistakes on both sides. I think the leadership erred on the way to control it. Any university has 10 per cent lunatic fringes. It is not only JNU. It is about the leadership, how we tackle people with extreme views... But I don't think we are anti-national or tukde-tukde," she said, responding to a question about the varsity's anti-national image.

"I think that phase was bad and there were mistakes on both sides, and because of polarisation and the leadership not understanding...You have to understand that people will differ and argue. The university was never anti-national. When I studied (at JNU) it was the height of the Left domination, even then nobody was anti-national," Pandit said. "They were critical. Being critical and dissenting will not be called anti-national. I think the administration did not understand JNU and that was an unfortunate phase," she added.

She pointed out that all the degrees awarded to graduates of military academies such as IMA, Naval Academy are from JNU. "Going by that logic even the Indian military will be deemed as anti-national," Pandit stated. AGENCIES

MILLENNIUM POST, 19 APRIL 2024

# VIT Engineering Entrance Exam begins in 125 cities in India and six cities abroad

## *The results will be available tentatively on May 3, 2024 on www.vit.ac.in*

**VELLORE:** The VIT Engineering Entrance Exam, the entrance examination conducted by Vellore Institute of Technology (VIT) for admission to B.Tech. programmes of VIT Group of Institutions—VIT-Vellore, VIT-Chennai, VIT-AP (Amaravati) and VIT-Bhopal, is scheduled from April 19 to 30, 2024 as Proctored Computer Based Test at 125 cities in India and six cities abroad - Dubai, Muscat, Qatar, Kuwait, Singapore and Kuala Lumpur. The results will be available tentatively on May 3, 2024 on www.vit.ac.in and on the same day online counselling process will begin.

Applicants within 1 lakh ranks are eligible to participate in the counselling for admission to B. Tech programmes.

The rank-wise schedule of counselling for filling of choices is: Phase 1 for Ranks 1-20,000 on May 7 & 8, 2024; Phase 2 for ranks 20,001 -45,000 on May 18 & 19, 2024; Phase 3 for ranks 45,001- 70,000 on May 29 & 30, 2024 and Phase 4 for ranks 70,001-1,00,000 from June 9 to 10, 2024. Applicants of ranks above 1 lakh are eligible only for VIT-AP and VIT-Bhopal. The counseling for them will be conducted on June 20 & 21, 2024. The classes are likely to commence from the second week of July 2024.

VIT encourages applicants to offer a maximum number of choices during the online counselling to ensure allotment in their preferred programmes.

Under the G V School Development Programme, candidates with VITEEE ranks 1 to 10 will be given 100 per cent tuition fee waiver for all four years; 11 to 50 will be given 75 per cent tuition fee waiver; those with ranks 51 to 100 will get 50 per cent tuition fee waiver and candidates in ranks 101 to 500 would be given 25 per cent tuition fee waiver. Besides, the district toppers (one boy and one girl) in all the districts of Tamil Nadu, Madhya Pradesh and Andhra Pradesh who are studying in government schools in rural areas will be given 100 per cent fee waiver and exemption from hostel and mess fees under the STARS (Support The Advancement of Rural Students) scheme. MPOST

TIMES OF INDIA, 19 APRIL 2024

# Centre fills up director's posts at 6 IITs vacant for a while

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Directors of six Indian Institutes of Technology (IIT) were appointed on Thursday, according to official sources.

The post of director for IIT-Kanpur has been lying vacant since 2023, while the Guwahati position has been vacant for last 16 months. The IIT-Dhanbad and Goa has been lying vacant for last nine and six months respectively.

Deputy director of IIT-Kanpur, Manindra Agrawal, has been appointed as director of Kanpur. He is a professor at the department of computer science and engineering, IIT-Kanpur.

Devendra Jalihal, a professor of electrical engineering from IIT-Madras has been appointed as director of IIT Guwahati.

"Avinash Kumar Agarwal, professor at IIT-Kanpur's department of mechanical engineering has been appointed as director of IIT Jodhpur," a source said. "Sukumar Mishra appointed IIT-Dhanbad director, and DS Katti to be IIT-Goa head," the source added. Amit Patra, deputy director of IIT-Kharagpur has been appointed the new IIT-BHU director.

The ministry of education (MoE) had last month invited applications for the post of director of IIT-Hyderabad and IIT-Kharagpur. TOI

DAINIK JAGRAN, 19 APRIL 2024

# पद्मश्री मणीन्द्र अग्रवाल आइआइटी कानपुर के निदेशक नियुक्त

जासं, कानपुर: स्वदेशी तकनीक से कृत्रिम वर्षा कराने और अपने गणितीय माडल से कोरोना लहर की सटीक जानकारी देने वाले प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल को आइआइटी का नया निदेशक बनाया गया है। उन्होंने कार्य संभालने के बाद कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान कार्यों और प्रदेश में औद्योगिक विकास व शहरी सुविधाओं के विकास में आइआइटी की भूमिका को बढ़ाएंगे। प्रदेश सरकार के साथ मिलकर औद्योगिक विकास और शहरों की समस्याओं के समाधान की दिशा में भी काम किया जाएगा। निदेशक के तौर पर काम करने के लिए कई चुनौतियां हैं।



प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल
● सौजन्य : संस्थान

DAINIK JAGRAN, 19 APRIL 2024

# अगस्त के पहले हफ्ते तक विवि शुरू करें स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं : यूजीसी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : कोरोना संकट के समय से विश्वविद्यालयों के लड़खड़ाए शैक्षणिक सत्र को पटरी पर लाने में जुटे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वह अगस्त के पहले सप्ताह तक स्नातक पहले वर्ष की कक्षाएं शुरू कर दें।

इससे पहले सभी विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों से प्रवेश से जुड़ी प्रक्रिया को पूरा करने का भी सुझाव दिया है। यूजीसी ने इसके साथ ही नियमों का हवाला देते हुए विश्वविद्यालयों से जल्द ही अपना




- विश्वविद्यालयों को जल्द ही एकेडेमिक कैलेंडर जारी करने के निर्देश
- कहा–जून तक घोषित किए जाएं पिछली कक्षाओं के परिणाम भी

एकेडेमिक कैलेंडर भी जारी करने को कहा है। सत्र को पटरी पर लाने के तहत ही आयोग ने स्नातक कक्षाओं की परीक्षा के परिणाम जून अंत तक जारी करने का सुझाव दिया है। वहीं, स्नातक द्वितीय वर्ष और अन्य कक्षाएं जुलाई तक शुरू करने का सुझाव दिया है। आयोग का मानना है कि 15 अप्रैल तक एकेडेमिक कैलेंडर जारी हो जाना चाहिए था।

DAINIK JAGRAN, 19 APRIL 2024

# अब तक नहीं हुआ अंबेडकर जैसा दूसरा नेता : प्रो. योगेश सिंह

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** 'सेलिब्रेशन आफ संविधान अमृत महोत्सवः सेलिब्रेटिंग 75 इयर्स आफ रिपब्लिक आफ भारत' के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा ''संविधानः विकसित भारत की राह करे आसान'' ध्येय वाक्य पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विख्यात कवियों ने अपनी अपनी कविताओं के माध्यम से खूब देशभक्ति के रंग जमाए। जाने माने कवि डा. हरिओम पंवार ने कहा, मैं भारत का संविधान हूं, लाल किले से बोल रहा हूं, मेरा अंतर्मन घायल है, दुःख की गांठें खोल रहा हूं।



प्रो योगेश सिंह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने संविधान और डा. बीआर अंबेडकर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारत में अब तक बीआर अंबेडकर जैसा दूसरा नेता पैदा नहीं हुआ है। विख्यात कवयित्री डा. कीर्ति काले ने अपनी श्रृंगार रस की कविताओं से खूब तालियां बटोरीं। उन्होंने कहा, अयोध्या में अगर ढूंढोगे तो श्री राम मिलते हैं, जो वृंदावन में ढूंढोगे तो घनश्याम मिलते हैं, अगर काशी में ढूंढोगे तो भोले नाथ मिलते हैं, मगर मां-पिता के चरणों में चारों धाम मिलते हैं...। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कवि डा. अशोक बत्रा ने भी अपनी कविता और हास्य से खूब गुदगुदाया। उत्तर प्रदेश से आए कवि डा. अर्जुन सीसोदिया ने बेटियों पर अपनी कविता में कुछ यूं अपने उद्गार प्रकट किए, ''चढ़ती हैं शीश पिता के तो मन की पीड़ा हर लेती हैं, बेटियां खुद गंगा होती हैं, घर को पावन कर देती हैं....। राजस्थान से आए हास्य कवि केशरदेव मारवाड़ी ने अपने हास्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवि विकास यशकीर्ति ने अपनी कविता विदा होते हुए मुझको बड़ी लगने लगी बिटिया, के साथ माहौल को संजीदा कर दिया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। समारोह के विशिष्ट अतिथि डा. नन्द किशोर गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि अंबेडकर को लोगों ने समझा ही नहीं। कार्यक्रम के आरंभ में गांधी भवन के निदेशक प्रो. केपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. श्री प्रकाश सिंह, डीन आफ कालेजेज प्रो. बलराम पाणी और रजिस्ट्रार डा. विकास गुप्ता सहित अनेकों शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

NAV BHARAT TIMES (P-10), 19 APRIL 2024

# मिशनरी स्कूलों में यह बदलाव क्यों हुआ

Missionary

## कैथलिक बिशप कॉन्फ्रेंस का ईसाई प्रतीक न लादने का संकल्प सराहनीय है

Catholic



प्रतीक्षा पटवारी

**कैथलिक ईसाई** मिशनरियों ने हाल में अपनी शिक्षण संस्थाओं में ईसाई प्रतीकों को गैर-ईसाई छात्रों पर न थोपने का फैसला किया है। भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और शिक्षा के क्षेत्र में यह एक बड़ा बदलाव माना जाना चाहिए। इससे अन्य धर्मों के छात्रों के प्रति समभाव और समन्वय को दिशा मिलेगी। यह एक अनुकूल संकेत लगता है। फिर भी इसे लागू करने के लिए उतनी ही प्रतिबद्धता भी जरूरी है।

**बदलाव की शुरुआत |** कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (CBCI) ने बेंगलुरु में हुई अपनी एक बैठक में पहली बार इस तरह का फैसला किया है। इसके तहत कैथलिक शिक्षा संस्थाओं में अब सुबह की प्रार्थना में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी जाएगी। प्रवेश द्वार पर भी उसे प्रमुखता से लगाया जाएगा। गैर-ईसाई लोगों के लिए अलग से सर्वधर्म समभाव प्रार्थनालय होगा। CBCI ने खुद कहा है कि देश के वर्तमान सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रवाह के साथ समन्वय की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है।

**ब्रिटिश राज की देन |** ब्रिटिशों के भारत में स्थापित होते ही देश में ईसाई मिशनरी शिक्षा के क्षेत्र में हावी हो गए। उन्हें धर्म प्रचार तो करना ही था, ब्रिटिश राज के लिए कर्मचारी भी तैयार करने थे। इसी लक्ष्य के चलते कैथलिक मिशनरियों ने भारी संख्या में स्कूल-कॉलेज स्थापित किए। उनकी शीर्ष संस्था CBCI की 1944 में बेंगलुरु में स्थापना हुई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

### अच्छी पहल
- प्रार्थना के बजाय पढ़ी जाएगी संविधान की प्रस्तावना
- दूसरे धर्म के बच्चो पर नही थोपे जाएंगे ईसाई प्रतीक
- अभिभावको के संघर्ष से बना है CBCI पर दबाव

**लंबा फैला जाल |** CBCI के तहत भारत में कैथलिक शिक्षा संस्थाओं का विशाल संजाल फैला है। 14000 स्कूल, 650 कॉलेज, 7 विश्वविद्यालय, 450 तकनीकी एवं व्यावसायिक संस्थाएं और 5 मेडिकल कॉलेज हैं। इन आंकड़ों से अंदाजा लग जाता है कि भारतीय समाज में मिशनरी शिक्षा कितनी गहरी पैठ बना चुकी है।

**धर्म का प्रचार |** ईसाई मिशनरी स्कूलों की चर्चा होते ही सेंट पॉल, सेंट स्टीफन्स , सेंट जेवियर्स, डॉन बॉस्को जैसे नाम और उसमें पढ़ते अंग्रेजी बोलने वाले लड़के-लड़कियां सामने आते है। ब्रिटिश राज के दौरान ये स्कूल-कॉलेज बने थे। अमूमन इन्हें पादरी या नन चलाते थे। कैंपस में चर्च होना जरूरी था। इन शैक्षणिक संस्थाओं का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ ईसाई धर्म और संस्कृति का प्रचार करना भी था। शायद इसी कारण ईसाई प्रतीकों पर इन शिक्षा संस्थाओं में बल दिया जाता था और अन्य धर्मों के प्रतीक निषिद्ध माने जाते थे। ब्रिटिश राज में ऐसा चलन समझ में आता है, लेकिन आजाद भारत में नहीं। अब उसमें सुधार की पहल हुई है।

**विरोध की आवाज |** CBCI की शिक्षा प्रणाली के उद्देश्यों में भारतीय शिक्षा प्रणाली या भारतीय मूल्यों, संस्कृति का कहीं भी समावेश न होने से भारतीय अभिभावकों और कुल मिलाकर बहुसंख्य समाज में असंतोष था। विरोध की छोटी-बड़ी घटनाएं होती थी, लेकिन बदलाव के लिए सामाजिक-राजनीतिक स्थिति उस समय अनुकूल नहीं थी।

**भारतीयों को सजा |** मिशनरी स्कूलो मे दूसरे धर्मो के बच्चे ज्यादा पढ़ते है। लड़के- लड़कियां अपनी धार्मिक मान्यताओ के कारण हाथ मे धागा, माथे पर कुमकुम या तिलक लगाते है, चूड़ियां या कड़ा पहनते है। अब तक स्टूडेंट्स पर पाबंदी थी कि वे अपने धार्मिक चिह्न पहन स्कूल में नहीं आ सकते। इसके लिए उन्हें कभी-कभी सजा भी दी जाती थी। कोई भी भारतीय पर्व या त्योहार स्कूल में नहीं मनाए जाते थे।

**त्रिपुरा का पहलू |** CBCI के पूर्व के नियमों के अनुसार, ईसाई स्कूल में केवल ईसाई प्रतीक का इस्तेमाल हो सकता था। धार्मिक पुस्तकों में केवल बाइबल पढ़ सकते थे। कभी-कभी दूसरे धर्मों के बच्चों को ईसाई रीति-रिवाजों को अपनाने के लिए बाध्य किया जाता। इसे लेकर स्कूलों और अभिभावकों में दिन-ब-दिन संघर्ष बढ़ रहा था। त्रिपुरा में हिंदू संगठन द्वारा मिशनरी स्कूलों की धार्मिक नीतियों का विरोध हुआ। शायद इसी दबाव के चलते मिशनरी संस्थान बदलाव के लिए अग्रसर हुए।

AI Image



आमने-सामने

**बदलाव के लिए बाध्य |** CBCI को शायद अंदाजा हो गया कि अगर ऐसे ही संघर्ष बढ़ता रहा तो मिशनरियों का बुनियादी शैक्षणिक और सांस्कृतिक ढांचा बिखर जाएगा। भविष्य में इसके छात्रों की संख्या पर भी असर हो सकता है। कुल मिलाकर लगभग 200 वर्षो तक एक लीक पर चलने वाली मिशनरियों को भारतीय समाज ने बदलाव के लिए बाध्य कर दिया। यहां तक आने में समय बहुत जाया गया, लेकिन बदलाव सुखद है।

**बदलने की कोशिश |** CBCI का मानना है कि कैथलिक चर्च एक स्वस्थ समाज के पक्षधर हैं। वे राष्ट्र-निर्माण, जनकल्याण की सरकारी योजनाओं के संवर्धन में योगदान करने के साथ ही अन्य धर्मो के लोगों के साथ सौहार्द स्थापित करना चाहते है। वे संविधान की प्रस्तावना का अपनी शिक्षण संस्थाओं में गायन कर मुख्यधारा में आना चाहते है।

**सवाल कायम |** स्वाभाविक है कि मिशनरी स्कूलों को भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का आदर करना चाहिए। ईसाई मिशनरी शिक्षा प्रणाली की इस पहल का स्वागत होना चाहिए। लेकिन, ईसाई मिशनरियों के इस कथित भारतीयकरण अभियान को लेकर यह सवाल अब भी कायम है कि क्या वे शिक्षा के क्षेत्र तक ही सीमित रहेंगे या मतांतरण, अन्य धर्मो के लोगों पर ईसाई संस्कृति को थोपने, विदेशी फंड और विचारों से दूरी बनाए रख संपूर्ण भारतीयता की दिशा में भी आगे बढ़ेंगे?

*(लेखिका भारतीय विचार मंच, विदर्भ प्रांत की सहसंयोजक हैं)*

## देखना होगा, कहीं किसी दबाव का नतीजा तो नहीं है मिशनरी स्कूलों का फैसला



अनिल सिन्हा

**भारत में** कैथलिक ईसाइयों की सर्वोच्च संस्था कैथलिक बिशप कॉन्फ्रेंस की नई गाइडलाइंस से एक बड़ी बहस शुरू हो गई है। संघ परिवार के संगठन इस बात से खुश हैं कि उनके अभियान को पहली सफलता मिली है। वे आरोप लगाते रहे हैं कि मिशनरी स्कूल भारतीय धर्म और संस्कृति को नष्ट करने का काम करते हैं। बिशप कॉन्फ्रेंस ने कैथलिक मिशनरियों के स्कूलों से कहा है कि वे स्कूल में प्रार्थना की जगह भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ करें और स्कूल के प्रवेशद्वार पर इस प्रस्तावना को प्रमुखता से दिखाएं। इसमें यह निर्देश भी है कि एक प्रार्थनागृह बने, जो अंतरधार्मिक हो। बिशप कॉन्फ्रेंस का कहना है कि उनके अधिकतर छात्र अलग-अलग धर्मों से आते है और उनके लिए यह जरूरी है कि स्कूल में इसका ध्यान रखा जाए।

**आधुनिक और प्रगतिशील |** कैथलिक मिशनरियों के फैसले का स्वागत इस लिहाज से जरूर होना चाहिए कि उन्होंने अपने ऊपर हो रहे हमलों के विरोध के लिए आधुनिक और प्रगतिशील रास्ता चुना है। किसी कट्टरपंथी और संकीर्ण खोल में घुस जाने की कोशिश नहीं की। उनके यहां आवाज भी उठ रही है कि संविधान की धारा 30 के तहत अल्पसंख्यकों को अपने स्कूल चलाने के अधिकार मिले हुए हैं। इसलिए RSS के दबाव में इस अधिकार को छोड़ने वाले कदम नहीं उठाए जाने चाहिए। लेकिन उन तबकों का भी कहना है संविधान की प्रस्तावना के पाठ का फैसला बेहतरीन है और यह हिंदू स्कूलों में भी किया जाना चाहिए।

**अकबर की परंपरा |** सर्वधर्म प्रार्थना के आयोजन का फैसला भी गौर करने लायक है। यहां यह बता देना चाहिए कि इसकी जड़ें सम्राट अकबर की फतेहपुर सीकरी में आयोजित उन अंतरधार्मिक संवादों में मिलती है, जिनमें सभी धर्मों के गुरुओं को बुलाया जाता था। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का कहना है कि जिस समय पश्चिमी जगत क्रूसेड यानी धर्मयुद्ध में लगा था, अकबर धर्मों के बीच संवाद कराने में मशगूल थे। आजादी आंदोलन के दौर में महात्मा गांधी ने अपनी प्रार्थना सभाओं को सर्वधर्म प्रार्थना का स्वरूप दे रखा था।

**फैसले की टाइमिंग |** बिशप कॉन्फ्रेंस के इस फैसले का समय गौरतलब है। खुद कॉन्फ्रेंस ने कहा है कि स्कूलों को मौजूदा धार्मिक-सांस्कृतिक-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण आ रही चुनौतियों का सामना करना है।

**स्कूलों को अल्टिमेटम |** पिछले दिनों पूर्वोत्तर के एक सांप्रदायिक संगठन ने मिशनरी स्कूलों को अल्टिमेटम दिया था कि पंद्रह दिनों के भीतर स्कूल धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल बंद कर दें। उन्होंने स्कूलों से जीसस की मूर्तियां हटाने को कहा था। क्या यह सवाल नहीं उठता कि भारत जैसे सेकुलर और लोकतांत्रिक देश में इस तरह के दबाव कितने सही हैं? दिलचस्प तो यह है कि मिशनरी स्कूलों से धार्मिक प्रतीकों को हटाने की मांग करने वाले संविधान की दुहाई देते हैं और इन प्रतीकों को संविधान विरोधी बताते हैं। लेकिन धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यकों के अपना स्कूल चलाने के अधिकार को वे भूल जाते हैं।

**मिशनरी स्कूलों से पहले |** देश में पश्चिमी शिक्षा की शुरुआत मिशनरी स्कूलों ने नहीं की। यहां मिशनरी स्कूल शुरू होने के पहले ही राजा राममोहन राय ने पश्चिमी शिक्षा देने के लिए 1817 में कोलकाता (उस समय कलकत्ता) में हिंदू कॉलेज की स्थापना की थी। बिशप कॉलेज की स्थापना 1820 में हुई। ईस्ट इंडिया कंपनी ने तो मिशनरी स्कूलों की स्थापना पर पाबंदी लगा रखी थी। उसे डर था कि स्कूलों के जरिए मिशनरी स्थानीय धर्म से छेड़छाड़ कर सकते हैं और जनता इससे नाराज हो सकती है। उसने मिशनरी स्कूल खोलने की इजाजत साल 1843 में दी।

### पहले से रहा है विरोध
- मिशनरी स्कूलों को मिल रहा था अल्टिमेटम
- मिशनरियों ने मॉडर्न, प्रोग्रेसिव रास्ता चुना
- माइनॉरिटी के अधिकारों की सुरक्षा भी जरूरी

**रामकथा पर किया काम |** गौर करने की वात है कि भारत के राष्ट्रवादी नायक हेनरी डेरोजियो बिशप कॉलेज के छात्र थे। उन्होंने यंग बंगाल आंदोलन के जरिए देशभक्ति का अलख जगाया। ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जिनसे जाहिर होता है कि ईसाई या इस्लाम की शिक्षा राष्ट्रवादी होने से नहीं रोकती है। हाल के उदाहरणों में फादर कामिल बुल्के हैं, जो बेल्जियम में पैदा हुए थे और धर्म प्रचारक के रूप में भारत आए थे। रामकथा, तुलसी और वाल्मीकि पर उनका काम उन्हें अमर बना गया। भारतीय संस्कृति को फिर से खोजने में मिशनरी स्कूलों के योगदान को नकारा नहीं जा सकता।

**धर्मांतरण से जुड़ा भ्रम |** एक और भ्रम का निवारण जरूरी है कि मिशनरी स्कूलों के जरिए धर्मांतरण संभव है। इसके उदाहरण है कि धर्मांतरण की अफवाह के कारण कुछ स्कूलों को बंद करने की नौबत आ गई और उन्हें इस धारणा को मिटाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्या इस देश के सामान्य लोग धर्मांतरण की कोशिश को बर्दाश्त कर सकते हैं? आज देश में कॉन्वेंट स्कूलों की बाढ़ आई हुई है। कैथलिक मिशनरियों के ही नियंत्रण में 14000 स्कूल हैं। हमने कभी नहीं सुना कि किसी स्कूल में पढ़ाई के कारण धर्मांतरण हुआ। धर्मांतरण के कई अन्य कारण रहे हैं। सबसे बड़ा कारण गरीबी है। कई बार शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर जीवन की उम्मीद ने लोगों को धर्म बदलने के लिए प्रेरित किया है। मिशनरियों के सेवाभाव से भी लोग प्रभावित होते रहे हैं।

**व्यवहार में दोहरापन |** इसे भी समझना जरूरी है कि धर्मांतरण के विरोधियों के व्यवहार में एक दोहरापन है। अमेरिका और यूरोप में मंदिरों के निर्माण और दूसरे धर्म के लोगों के आने से वे आनंदित होते है, पर भारत में चर्च या मस्जिदों को लेकर उनका रवैया एकदम अलग है। सवाल है, क्या इस रवैये के पीछे किसी खास राजनीतिक सोच की भूमिका है, जिसमें अल्पसंख्यक निशाने पर होते हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

NBT/10

NAV BHARAT TIMES, 19 APRIL 2024

# पहले सेमेस्टर में नहीं होगा कोई टर्मिनेट

Semester

Terminate

विस, कानपुर : आईआईटी कानपुर ने स्टूडेंट्स का तनाव कम करने के लिए अपनी अकादमिक पॉलिसी में बदलाव किया है। नए सेशन में पहले सेमेस्टर में आने वाले फ्रेशर्स को खराब सीपीआई पर भी टर्मिनेट नहीं किया जाएगा। डीन ऑफ अकैडमिक अफेयर्स प्रफेसर शलभ ने बताया कि सिर्फ एक स्तर पर बदलाव किया गया है। इसके अलावा अब तक चले आ रहे सारे पुराने नियम ही छात्र-छात्राओं पर लागू होंगे।

NBT

NAV BHARAT TIMES, 19 APRIL 2024

# टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के लिए आवेदन 30 तक

■ विस, **नई दिल्ली :** 4-ईयर इंटीग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ITEP) में एडमिशन के लिए 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एंट्रेंस टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया है। एनटीए टेस्ट के आधार पर देश भर के 64 शिक्षा संस्थानों में फोर ईयर कोर्स में एडमिशन होगा। बता दें कि देश की कई आईआईटी, एनआईटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन समेत डीयू के कई कॉलेजों में इस टेस्ट के स्कोर के आधार पर चार साल के कोर्स में एडमिशन होगा। बताया गया कि मई के आखिरी हफ्ते में छात्रों को यह पता चल जाएगा कि उनका सेंटर कौन से शहर में है। 12 जून को यह एग्जाम होगा। टेस्ट पैटर्न ऑब्जेक्टिव टाइप है और इसमें मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन आएंगे।